1. फीफी पुरस्कार किस क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए दिए जाते हैं ?

(A) साहित्य
(B) सुगंध उद्योग
(C) खेल
(D) कृषि

The FiFi Awards are given for excellence in which field ?

(A) Literature
(B) Fragrance industry
(C) Sports
(D) Agriculture

2. अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (IOM) का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?

(A) वियना (B) जिनेवा (C) न्यूयॉर्क (D) पेरिस

Where is the headquarters of the International Organization for Migration (IOM) located ?

(A) Vienna (B) Geneva (C) New York (D) Paris

3. भूटान में आधिकारिक तौर पर कौन-सी मुद्रा का उपयोग किया जाता है ?

(A) भूटानी टका (B) भूटानी डॉलर (C) भूटानी रुपया (D) भूटानी न्गुलट्रम

Which currency is officially used in Bhutan ?

(A) Bhutanese Taka (B) Bhutanese Dollar (C) Bhutanese Rupee (D) Bhutanese Ngultrum

4. विश्व बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप 2026 का आयोजन कहाँ हुआ था ?

(A) सियोल
(B) बीजिंग
(C) बैंकॉक
(D) टोक्यो

Where was the World Boxing Futures Cup 2026 held ?

(A) Seoul
(B) Beijing
(C) Bangkok
(D) Tokyo

5. सिस्टीन चैपल ______ में स्थित है।

(A) वेटिकन सिटी (B) फ्रांस (C) स्पेन (D) जापान

The Sistine Chapel is located in ______.

(A) Vatican City (B) France (C) Spain (D) Japan

6. भारत में प्रत्येक वर्ष 'संविधान दिवस' किस तिथि को मनाया जाता है ?

(A) 2 अक्टूबर
(B) 15 अगस्त
(C) 26 नवंबर
(D) 26 जनवरी

On which date is 'Constitution Day' observed every year in India ?

(A) 2 October
(B) 15 August
(C) 26 November
(D) 26 January

7. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद गिरफ़्तारी और हिरासत से सुरक्षा की गारंटी देता है ?

(A) अनुच्छेद 32 (B) अनुच्छेद 27 (C) अनुच्छेद 53 (D) अनुच्छेद 22

Which Article of the Indian Constitution guarantees protection against arrest and detention ?

(A) Article 32 (B) Article 27 (C) Article 53 (D) Article 22

8. "द चैप्टर ब्लैक", ऐसिड अटैक के बाद के जीवन को गहराई से चित्रित करने वाली कहानी के लेखक हैं :

(A) यू.आर. अनंतमूर्ति
(B) गुरदयाल सिंह
(C) संतोष शिवराज
(D) बुशरा रहमानी

"The Chapter Black", a narrative that deeply depicts the life after an acid attack, was authored by :

(A) U.R. Ananthamurthy
(B) Gurdial Singh
(C) Santhosh Sivaraj
(D) Bushra Rahmani

Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

Test. Analyze. Improve. Repeat.

## Don't just prepare. Perform.

Test Prime — built only for mock tests.

**1,50,000+** Mock Tests

**25,000+** Previous Year Papers

**800+** Exam Covered

**500% Refund** on Selection

**5 lakh+** Free Quizzes

**Daily** Free PDFs

**Job Alerts** Stay Updated

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas

**All India Rankings**
Compete with lakhs.
Rank. Improve. Repeat.

Adda247 test prime

Rating | Editors' choice | New

Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed

DOWNLOAD THE APP

9. 2026 में, एआई-आधारित भाषा मॉडल "भारतजेन" को निम्नलिखित का समर्थन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है :
(A) केवल विदेशी भाषाएँ
(B) 22 से अधिक भारतीय भाषाएँ
(C) केवल अंग्रेज़ी
(D) केवल हिंदी

In 2026, the AI-based language model "BharatGen" is designed to support :
(A) Foreign languages only
(B) More than 22 Indian languages
(C) Only English
(D) Only Hindi

10. भारत में गुलाबी क्रांति का संबंध निम्नलिखित से है :
(A) दूध प्रसंस्करण
(B) मांस और मुर्गी प्रसंस्करण
(C) गेहूँ प्रसंस्करण
(D) चमड़ा प्रसंस्करण

The Pink Revolution in India is related to :
(A) Milk processing
(B) Meat and poultry processing
(C) Wheat processing
(D) Leather processing

11. अर्थव्यवस्था के सेवा क्षेत्र को इस नाम से भी जाना जाता है :
(A) कृषि क्षेत्र
(B) प्राथमिक क्षेत्र
(C) तृतीयक क्षेत्र
(D) द्वितीयक क्षेत्र

The service sector of the economy is also known as :
(A) Agricultural sector
(B) Primary sector
(C) Tertiary sector
(D) Secondary sector

12. निम्नलिखित में से कौन-सा दस्तावेज़ भारत से वस्तुओं के निर्यात के लिए आवश्यक है ?
(A) बिजली बिल
(B) जन्म प्रमाण-पत्र
(C) मतदाता पहचान-पत्र
(D) आयात-निर्यात कोड

Which of the following documents is essential for exporting goods from India ?
(A) Electricity Bill
(B) Birth Certificate
(C) Voter ID
(D) Import-Export Code

13. "इंडिया फॉर इंडियंस" नामक पुस्तक किसने लिखी ?
(A) बाल गंगाधर तिलक
(B) चित्तरंजन दास
(C) लाला लाजपत राय
(D) बिपिन चंद्र पाल

Who authored the book titled "India for Indians" ?
(A) Bal Gangadhar Tilak
(B) Chittaranjan Das
(C) Lala Lajpat Rai
(D) Bipin Chandra Pal

14. भारत में राष्ट्रव्यापी जीएसटी का विचार सर्वप्रथम अप्रत्यक्ष करों पर ______ द्वारा वर्ष 2000 में प्रस्तावित किया गया था।
(A) आरबीआई समिति
(B) वित्त आयोग
(C) योजना आयोग
(D) केलकर टास्क फोर्स

The idea of a nationwide GST in India was first proposed by the ______ on Indirect Taxes in 2000.
(A) RBI Committee
(B) Finance Commission
(C) Planning Commission
(D) Kelkar Task Force

15. भूटान अपनी सीमा कितने भारतीय राज्यों के साथ साझा करता है ?
Bhutan shares its border with how many Indian states ?
(A) 5
(B) 6
(C) 3
(D) 4

16. 'उन्नत कृषि महोत्सव 2026 : प्रदर्शनी और प्रशिक्षण' किस भारतीय राज्य में आयोजित किया गया था ?
(A) आंध्र प्रदेश (B) गुजरात (C) मध्य प्रदेश (D) तमिलनाडु
The 'Unnat Krishi Mahotsav 2026 : Exhibition and Training' was held in which Indian state ?
(A) Andhra Pradesh (B) Gujarat (C) Madhya Pradesh (D) Tamil Nadu

17. निम्नलिखित में से कौन-सी भारतीय फिल्म ऑस्कर 2026 में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के लिए शॉर्टलिस्ट की गई थी ?
(A) आरआरआर (B) होमबाउंड
(C) द लंचबॉक्स (D) गली बॉय
Which of the following Indian films was shortlisted for the Best International Feature Film category at the 2026 Oscars ?
(A) RRR (B) Homebound
(C) The Lunchbox (D) Gully Boy

18. जनसांख्यिकीय संक्रमण के तीसरे चरण के दौरान क्या होता है ?
(A) जन्म और मृत्यु दर दोनों उच्च रहती हैं (B) युद्ध के कारण जनसंख्या में गिरावट
(C) प्रजननशीलता और मृत्यु दर (मर्त्यता) में उल्लेखनीय गिरावट (D) जनसंख्या में कोई बदलाव नहीं होता
What happens during the third stage of demographic transition ?
(A) Both birth and death rates are high (B) Population declines due to war
(C) Fertility and mortality decline significantly (D) There is no change in population

19. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में प्रयुक्त शब्द "बंधुता" किस बात को सुनिश्चित करना चाहता है ?
(A) व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता
(B) नागरिकों के बीच आर्थिक समानता
(C) वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
(D) चुनावों में राजनीतिक न्याय
What does the term "Fraternity" in the Preamble to the Indian Constitution seek to ensure ?
(A) Dignity of the individual and the unity and integrity of the Nation
(B) Economic equality among citizens
(C) Freedom of speech and expression
(D) Political justice in elections

20. प्रत्येक वर्ष "अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस" कब मनाया जाता है ?
(A) 2 जून (B) 3 अगस्त (C) 5 अप्रैल (D) 1 मई
When is the "International Labour Day" celebrated every year ?
(A) June 2 (B) August 3 (C) April 5 (D) May 1

21. भारत के किस क्षेत्र में 'संतूर' वाद्य यंत्र परंपरागत रूप से बजाया जाता है ?
(A) पंजाब (B) कश्मीर (C) राजस्थान (D) बंगाल
In which Indian region is the 'Santoor' string instrument traditionally played ?
(A) Punjab (B) Kashmir (C) Rajasthan (D) Bengal

22. कर्नाटक संगीत परंपरा, जो भारतीय शास्त्रीय संगीत की दो मुख्य प्रणालियों में से एक है, मुख्यतः भारत के किस भाग में प्रचलित है ?
(A) पूर्वोत्तर भारत (B) दक्षिण भारत (C) पूर्वी भारत (D) उत्तर भारत
The Carnatic music tradition, one of the two main systems of Indian classical music, is primarily practised in which part of India ?
(A) Northeast India (B) South India (C) Eastern India (D) North India

23. मद्रास नेटिव एसोसिएशन की स्थापना हुई थी :
The Madras Native Association was founded in :
(A) 1872 (B) 1852 (C) 1848 (D) 1865

24. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) की स्थापना कब हुई थी ?
(A) 14 मई 1975 (B) 20 जून 1980 (C) 26 जनवरी 1962 (D) 15 अगस्त 1969
When was the Indian Space Research Organization (ISRO) established ?
(A) 14 May 1975 (B) 20 June 1980 (C) 26 January 1962 (D) 15 August 1969

25. लक्षद्वीप द्वीपसमूह किस सागर में स्थित है ?
(A) लाल सागर (B) बंगाल की खाड़ी (C) अंडमान सागर (D) अरब सागर
The Lakshadweep Islands are located in which sea ?
(A) Red Sea (B) Bay of Bengal (C) Andaman Sea (D) Arabian Sea

26. श्री अब्दुल गनी अब्दुल्लाभाई कुरैशी को 2008 में किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था ?
(A) द्रोणाचार्य पुरस्कार (B) अर्जुन पुरस्कार
(C) भटनागर पुरस्कार (D) कबीर पुरस्कार
Shri Abdul Gani Abdullabhai Qureishi was honoured with which award in 2008 ?
(A) Dronacharya Award (B) Arjuna Award
(C) Bhatnagar Award (D) Kabir Puraskar

27. महाराणा प्रताप और अकबर की सेनाओं के बीच लड़े गए प्रसिद्ध युद्ध का युद्ध-स्थल था :
(A) हल्दीघाटी (B) तराइन (C) खानवा (D) पानीपत
The battlefield of the famous battle fought between Maharana Pratap and Akbar's forces was at :
(A) Haldighati (B) Tarain (C) Khanwa (D) Panipat

28. प्रसिद्ध चित्तौड़गढ़ किला किस राज्य में स्थित है ?
(A) मध्य प्रदेश (B) गुजरात (C) उत्तर प्रदेश (D) राजस्थान
Which state is home to the famous Chittorgarh Fort ?
(A) Madhya Pradesh (B) Gujarat (C) Uttar Pradesh (D) Rajasthan

29. UNESCO विश्व धरोहर स्थल "ओपोर्टो का ऐतिहासिक केंद्र" किस देश में स्थित है ?
(A) फ्रांस (B) इटली (C) पुर्तगाल (D) स्पेन
In which country is the UNESCO World Heritage Site "Historic Centre of Oporto" located ?
(A) France (B) Italy (C) Portugal (D) Spain

30. सी6 एनर्जी के उत्पाद, जैसे कि फिल्में, कोटिंग्स और स्ट्रॉ, मुख्य रूप से इन्हें बदलने के लिए उपयोग किए जाते हैं :
(A) काँच की सामग्री (B) धातु के उत्पाद
(C) एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक (D) कागज़ की वस्तुएँ
Sea6 Energy's products, such as films, coatings and straws are primarily used to replace :
(A) Glass materials (B) Metal products
(C) Single-use plastics (D) Paper items

31. बुद्ध बनने से पहले सिद्धार्थ गौतम की पत्नी का क्या नाम था ?
(A) सुजाता (B) गौतमी (C) महामाया (D) यशोधरा
What was the name of Siddhartha Gautama's wife before he became the Buddha ?
(A) Sujata (B) Gautami (C) Mahamaya (D) Yashodhara

32. प्रशासनिक सुविधा के लिए, उत्तर प्रदेश का आगरा जिला कितने विकास खंडों में विभाजित है ?
For administrative convenience, Agra district of Uttar Pradesh is divided into how many development blocks ?
(A) 12 (B) 16 (C) 13 (D) 15

33. दिसंबर 2025 तक, साइबर स्वच्छता केंद्र के अंतर्गत डिजिटल जनसंख्या का कितना प्रतिशत कवर किया गया था ?
As of December 2025, what percentage of the digital population was covered by the Cyber Swachhta Kendra ?
(A) 85% (B) 95% (C) 98% (D) 90%

34. कौन-सा संगठन भारत में वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का पहला अग्रिम अनुमान जारी करता है ?
(A) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
(B) राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय
(C) भारतीय रिज़र्व बैंक
(D) नीति आयोग
Which organization releases the First Advance Estimates of Annual Gross Domestic Product (GDP) in India ?
(A) Securities and Exchange Board of India
(B) National Statistical Office
(C) Reserve Bank of India
(D) NITI Aayog

35. क्षेत्रफल की दृष्टि से, निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का सबसे बड़ा सौर पार्क है ?
(A) रीवा अल्ट्रा मेगा सौर पार्क
(B) भादला सौर पार्क
(C) वनकल सौर पार्क
(D) कासरगोड सौर पार्क
Which of the following is the largest solar park in India by area ?
(A) Rewa Ultra Mega Solar Park
(B) Bhadla Solar Park
(C) Vankal Solar Park
(D) Kasaragod Solar Park

36. निम्नलिखित में से कौन-सा अलैंगिक जनन की विधि ***नहीं*** है ?
(A) द्विखंडन
(B) कायिक प्रवर्धन
(C) मुकुलन
(D) निषेचन
Which of the following is ***not*** a mode of asexual reproduction ?
(A) Binary fission
(B) Vegetative propagation
(C) Budding
(D) Fertilization

37. कौन-सी गैस को आमतौर पर 'लाफिंग गैस' के नाम से जाना जाता है ?
(A) अमोनिया (B) नाइट्रस ऑक्साइड (C) ऑक्सीजन (D) कार्बन डाइऑक्साइड
Which gas is commonly known as the 'laughing gas' ?
(A) Ammonia (B) Nitrous oxide (C) Oxygen (D) Carbon dioxide

38. भारत की पहली प्रमुख सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्ट और पैकेजिंग (ATMP) सुविधा का उद्घाटन निम्न में से किस तिथि को हुआ ?
(A) 7 अप्रैल 2026 (B) 15 मार्च 2026 (C) 15 अप्रैल 2026 (D) 28 फरवरी 2026
India's first major Semiconductor Assembly, Test and Packaging (ATMP) facility was inaugurated on :
(A) 7 April 2026 (B) 15 March 2026 (C) 15 April 2026 (D) 28 February 2026

39. एक ताले को खोलने के लिए 0 से 9 अंकों और A से F अक्षरों से बना 4 वर्णों का पासवर्ड चाहिए, जिसमें कोई भी वर्ण दोहराया न गया हो। ऐसे कितने पासवर्ड संभव हैं ?
A lock requires a 4-character password formed using digits 0 – 9 and letters A – F, with no repetition. How many such passwords are possible ?
(A) 37440 (B) 40320 (C) 36960 (D) 43680

40. एक विशिष्ट कोड में '642' का अर्थ है 'sky is blue', '52' का अर्थ है 'is calm' और '417' का अर्थ है 'blue and beautiful'. कौन-सी संख्या 'blue' शब्द को दर्शाएगी ?
In a certain code '642' means 'sky is blue', '52' means 'is calm' and '417' means 'blue and beautiful'. What number will indicate the word 'blue' ?
(A) 4 (B) 7 (C) 5 (D) 6

41. निम्नलिखित शब्दों को अंग्रेज़ी शब्दकोश में दिए गए क्रम के अनुसार व्यवस्थित कीजिए और दूसरे स्थान पर आने वाले शब्द को चुनिए।
Arrange the following words as per their order in an English dictionary and choose the word that comes in the second position.
Cipher, Civic, Civil, Citizen
(A) Civic (B) Civil (C) Cipher (D) Citizen

42. एक ट्रेन प्रात: 6:15 बजे प्रस्थान करती है और प्रात: 10:50 बजे अपने गंतव्य पर पहुँचती है। यात्रा में कितना समय लगता है ?
(A) 4 घंटे 35 मिनट (B) 4 घंटे 20 मिनट (C) 5 घंटे 35 मिनट (D) 4 घंटे 15 मिनट
A train departs at 6:15 AM and reaches its destination at 10:50 AM. How long is the journey ?
(A) 4 hours 35 minutes (B) 4 hours 20 minutes (C) 5 hours 35 minutes (D) 4 hours 15 minutes

43. यदि JACKET को 146542 के रूप में कोडित किया जाता है और COAT को 6942 के रूप में कोडित किया जाता है, तो उसी कोड भाषा में कोड 6965 किस शब्द को निरूपित करता है ?
If JACKET is coded as 146542 and COAT is coded as 6942, then what word does the code 6965 represent in the same code language ?
(A) KCKO (B) KOKC (C) CKCO (D) COCK

44. दी गई तालिका एक संगठन के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों के प्रतिशत वितरण को दर्शाती है।
The given table shows the percentage distribution of employees working in different departments of an organization.

| विभाग/ Department | कर्मचारियों का प्रतिशत/ Percentage of Employees |
|---|---|
| मार्केटिंग/Marketing | 20% |
| बिक्री/Sales | 30% |
| एच आर/HR | 10% |
| वित्त/Finance | 25% |
| ऑपरेशन/Operations | 15% |

यदि कुल 1700 कर्मचारी हैं, तो वित्त विभाग में कर्मचारियों की संख्या ज्ञात कीजिए।
If there are a total of 1700 employees, find the number of employees in the Finance department.
(A) 385 (B) 425 (C) 455 (D) 470

45. यदि 'ELEPHANTS' शब्द के अक्षरों को अंग्रेज़ी वर्णमाला के क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो ठीक बीच में कौन-सा अक्षर होगा ?
(नोट : यदि कोई अक्षर एक से अधिक बार आता है, तो उसे उतनी ही बार लिखिए जितनी बार वह आता है।)
If the letters of the word 'ELEPHANTS' are arranged in English alphabetical order, which letter will be exactly at the centre ?
(Note : If a letter appears more than once, include it as many times as it occurs.)
(A) P (B) L (C) H (D) N

46. किसी विशिष्ट कोड भाषा में, यदि WINDOW को DRMWLD और PLANET को KOZMVG के रूप में कोडित किया जाता है, तो उसी कोड भाषा में SATURN को ________ के रूप में कोडित किया जाएगा।
In a certain code language, if WINDOW is coded as DRMWLD and PLANET is coded as KOZMVG, then SATURN will be coded as ________ in the same code language.
(A) NRUTAS (B) TASNRU (C) HZGFIM (D) NRQSAT



47. एक शहर की जनसंख्या (हज़ारों में) इस प्रकार दी गई है :
The population (in thousands) of a town is given as :
2015 : 120, 2016 : 132, 2017 : 145, 2018 : 130, 2019 : 156
किस वर्ष में वृद्धि दर (पिछले वर्ष की तुलना में) सबसे अधिक थी ?
In which year was the growth rate (compared to the previous year) the highest ?
(A) 2016 (B) 2017 (C) 2019 (D) 2018

48. रिया शाम 7:10 बजे से ठीक 15 मिनट पहले अपने घर से निकलती है और 25 मिनट बाद मीरा के घर पहुँचती है। वहाँ नेहा भी उनसे मिलती है। अगले 25 मिनट वे नाश्ता करती हैं। नाश्ता पूरा करने के 1 घंटे 5 मिनट बाद वे एक रेस्टोरेंट के लिए निकलती हैं, जहाँ मीरा के घर से पहुँचने में ठीक 40 मिनट लगते हैं। वे रेस्टोरेंट किस समय पहुँचीं ?
(A) रात 9:30 बजे
(B) रात 9:20 बजे
(C) रात 9:10 बजे
(D) रात 9:40 बजे
Riya starts from her house at a time that is exactly 15 minutes earlier than 7:10 PM and reaches Meera's house after 25 minutes. Neha joins them there. They spend the next 25 minutes having snacks. After 1 hour and 5 minutes of finishing their snacks, they leave for a restaurant, which is exactly 40 minutes away from Meera's house. At what time did they reach the restaurant ?
(A) 9:30 PM
(B) 9:20 PM
(C) 9:10 PM
(D) 9:40 PM

49. यदि आवश्यक हो तो सभी संख्याओं को दशमलव में परिवर्तित कीजिए और फिर उन्हें अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए।
Convert all the numbers to decimals if necessary, and then arrange them in descending order.
3/5, 0·62, 0·602, 0·61
(A) 3/5, 0·62, 0·602, 0·61
(B) 0·62, 0·602, 3/5, 0·61
(C) 0·62, 0·61, 0·602, 3/5
(D) 0·61, 0·602, 0·62, 3/5

50. एक निश्चित कोडिंग पैटर्न में, किसी शब्द के अक्षरों को अंग्रेज़ी वर्णमाला में उनकी स्थिति के आधार पर बड़े या छोटे अक्षरों में लिखा जाता है : वर्णमाला में विषम संख्या वाले अक्षरों (जैसे A=1, C=3, E=5, आदि) को छोटे अक्षरों में और अन्य को बड़े अक्षरों में लिखा जाता है। इस नियम के आधार पर, THURSDAY शब्द को कैसे लिखा जाएगा ?
In a certain coding pattern, the letters of a word are written in uppercase or lowercase based on their position in the English alphabet : letters with odd-numbered positions in the alphabet (such as A=1, C=3, E=5, etc.) are written in lowercase, while the others are written in uppercase. Based on this rule, how would the word THURSDAY be written ?
(A) ThUrsdAy (B) THUrSdAy (C) ThUrSdAy (D) THuRsDay

51. उस वेन आरेख का चयन कीजिए जो संभावित अंतर्संबंधों और उपसमूह संरचनाओं को ध्यान में रखते हुए 'स्मार्ट डिवाइस', 'फोन' और 'लैपटॉप' के बीच संबंधों को सही ढंग से दर्शाता है।
Select the Venn diagram that correctly depicts the relationships among the sets 'Smart devices', 'Phones', and 'Laptops', considering possible intersections and subset structures .

(A) 
(B) 
(C) 
(D) 

52. राधा अपनी घड़ी को इस प्रकार रखती है कि दोपहर 1:30 बजे घंटे की सुई दक्षिण-पश्चिम दिशा की ओर हो। शाम 4:30 बजे मिनट की सुई किस दिशा की ओर होगी ?

(A) दक्षिण-पश्चिम
(B) दक्षिण-पूर्व
(C) उत्तर
(D) दक्षिण

Raadha places her clock so that at 1:30 PM., the hour hand points South-West. In which direction will the minute hand point at 4:30 PM ?

(A) South-West
(B) South-East
(C) North
(D) South

53. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प तीन समूहों – त्रिभुज (T), समबाहु त्रिभुज (E) और समद्विबाहु त्रिभुज (I) – के बीच संबंध को सही ढंग से निरूपित करता है ?

(A) ये तीनों पूरी तरह से अलग-अलग वृत्त हैं
(B) T, E के अंदर है, और E, I के अंदर है
(C) E, I के अंदर है, और I, T के अंदर है
(D) E और I दोनों अलग-अलग वृत्त हैं, दोनों T के अंदर हैं

Which of the following options correctly represents the relationship among three groups : triangles (T), equilateral triangles (E), and isosceles triangles (I) ?

(A) All three are completely separate circles
(B) T is inside E, and E is inside I
(C) E is inside I, and I is inside T
(D) E and I are separate circles both inside T

54. दी गई श्रृंखला को पूरा कीजिए।
Complete the given series.
CBZ, FEW, IHT, ___

(A) QWS
(B) TSW
(C) LKQ
(D) RMT

55. एक छात्र सप्ताह के दिनों में से एक दिन यादृच्छिक रूप से चुनता है। इसकी प्रायिकता क्या है कि चुना गया दिन 'W' या 'S' अक्षर से शुरू होता है ?

A student randomly picks a day from the days of a week. What is the probability that the selected day starts with the letter 'W' or 'S' ?

(A) $\frac{4}{7}$
(B) $\frac{2}{7}$
(C) $\frac{3}{7}$
(D) $\frac{1}{7}$

56. रिया को याद है कि उसके भाई का जन्मदिन 20 मार्च के बाद लेकिन 24 मार्च से पहले है, जबकि उसकी बहन पुष्टि करती है कि उनके भाई का जन्मदिन 21 मार्च के बाद लेकिन 23 मार्च से पहले है। भाई का जन्मदिन किस तिथि को है ?

(A) 24 मार्च
(B) 20 मार्च
(C) 25 मार्च
(D) 22 मार्च


Riya remembers that her brother's birthday is after the $20^{th}$ but before the $24^{th}$ of March, while her sister confirms that their brother's birthday is after the $21^{st}$ but before the $23^{rd}$ of March. On which date is the brother's birthday ?

(A) $24^{th}$ March
(B) $20^{th}$ March
(C) $25^{th}$ March
(D) $22^{nd}$ March

57. दी गई श्रृंखला में लुप्त पद ज्ञात कीजिए।
Find the missing term in the given series.
L22, M24, N26, ___, P30, Q32

(A) O28
(B) K21
(C) G15
(D) H11

58. एक प्रश्न और कथनों का एक समूह दिया गया है। हमें यह ज्ञात करना है कि दिए गए कथनों में से कौन-सा/से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है/हैं।




प्रश्न : त्रिभुज PQR का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

कथन :

I. PQ = 5 मी., PR = 5 मी.।

II. PO की लंबाई 4 मी. है।


(A) कथन I और कथन II दोनों मिलकर पर्याप्त हैं।

(B) कथन I अकेला पर्याप्त है।

(C) कथन II अकेला पर्याप्त है।

(D) कथन I और कथन II दोनों मिलकर भी पर्याप्त नहीं हैं।

A question along with a set of statements is given below. We have to find which of the given statements is/are sufficient to answer the given question.




**Question :** Find the area of the triangle PQR.

**Statements :**

I. PQ = 5 m., PR = 5 m.

II. Length of PO is 4 m.

(A) Both Statement I and Statement II together are sufficient.

(B) Statement I alone is sufficient.

(C) Statement II alone is sufficient.

(D) Both Statement I and Statement II together also are not sufficient.

59. उस शब्द की पहचान कीजिए जिसे "MISINTERPRETATION" शब्द के अक्षरों का उपयोग करके *नहीं* बनाया जा सकता, बशर्ते किसी भी अक्षर को मूल शब्द में उसकी उपस्थिति से अधिक बार न दोहराया जाए।

Identify the word that ***cannot*** be formed using the letters of the word "MISINTERPRETATION" without repeating any letter more times than it appears in the original word.

(A) STATION

(B) PATTERN

(C) SECTION

(D) INTEREST

**60.** विष्णु उत्तर-पूर्व दिशा की ओर चलना शुरू करता है। कुछ दूरी तय करने के बाद, वह 90 डिग्री दाईं ओर मुड़ता है, फिर से 90 डिग्री दाईं ओर मुड़ता है और अंत में एक बार फिर 90 डिग्री दाईं ओर मुड़ता है। तीन बार दाईं ओर मुड़ने के बाद, उसका मुख किस अंतिम दिशा की ओर है, ज्ञात कीजिए।

(A) उत्तर-पश्चिम (B) दक्षिण-पश्चिम (C) दक्षिण-पूर्व (D) उत्तर-पूर्व

Vishnu starts walking towards the North-East direction. After covering some distance, he turns 90 degrees right, then turns 90 degrees right again, and finally turns 90 degrees right once more. After these three right turns, determine his final facing direction.

(A) North-West (B) South-West (C) South-East (D) North-East

**61.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'RESPONSIBILITY' शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके, बिना किसी अक्षर को दोहराए, ***नहीं*** बनाया जा सकता ?

Which of the following words ***cannot*** be formed using the letters of the word 'RESPONSIBILITY', without repeating any letters ?

(A) RESPONS (B) NOBILITY (C) STABILITY (D) POSSIBILITY

**62.** काव्या अपने घर के बाहर खड़ी होकर सूर्यास्त देख रही है। फिर वह निम्नलिखित गतिविधियाँ करती है :

(a) बाएँ मुड़ती है और 1 किमी चलती है

(b) दाएँ मुड़ती है और 0·5 किमी चलती है

(c) फिर से दाएँ मुड़ती है और 1 किमी चलती है

अब उसका मुख किस दिशा में है और उसके आरंभिक बिंदु से उसकी सबसे कम दूरी कितनी है ?

(A) पश्चिम दिशा की ओर मुख करके, आरंभिक बिंदु से 0·5 किमी पूर्व में

(B) उत्तर दिशा की ओर मुख करके, आरंभिक बिंदु से 0·5 किमी पश्चिम में

(C) उत्तर दिशा की ओर मुख करके, आरंभिक बिंदु पर खड़ी हैं

(D) दक्षिण दिशा की ओर मुख करके, आरंभिक बिंदु से 1 किमी पश्चिम में

Kavya is standing outside her house watching the sunset. She then performs the following movements :

(a) Turns left and walks 1 km

(b) Turns right and walks 0·5 km

(c) Turns right again and walks 1 km

In which direction is she facing now and what is the shortest distance from her starting point ?

(A) Facing West, 0·5 km East of the starting point

(B) Facing North, 0·5 km West of the starting point

(C) Facing North, standing at the starting point

(D) Facing South, 1 km West of the starting point

**63.** यदि '+' का अर्थ '–', '–' का अर्थ '×', '×' का अर्थ '÷' और '÷' का अर्थ '+' है, तो 12 ÷ 23 × 23 ÷ 10 का मान क्या है ?

If '+' means '–', '–' means '×', '×' means '÷' and '÷' means '+', then what is the value of 12 ÷ 23 × 23 ÷ 10 ?

(A) 25 (B) 20 (C) 27 (D) 23

**64.** 'VOCABULARY' शब्द के अक्षरों का उपयोग करके, बिना किसी अक्षर को दोहराए, निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द बनाया जा सकता है ?

Which of the following words can be formed using the letters of the word 'VOCABULARY' without repeating any letters ?

(A) ROCK (B) BUS (C) CAR (D) VERB

65. प्रत्येक जोड़े में, दूसरा समूह पहले समूह से एक निश्चित वर्णमाला पैटर्न का पालन करके बनता है। दिए गए उदाहरणों से सामान्य नियम पहचानिए और उसी तर्क का उपयोग करके लुप्त अक्षर समूह ज्ञात कीजिए।

In every pair, the second cluster is formed from the first by following a definite alphabetical pattern. Identify the common rule from the given examples and apply the same logic to find the missing letter cluster.

HTS : IVT : : GXC : ____ : : YRN : ZTO

(A) HZD
(B) HZB
(C) HZC
(D) HAC

66. दी गई श्रृंखला में पैटर्न को ध्यान से देखिए और उस पद का चयन कीजिए जो तार्किक रूप से इसे पूरा करता हो :

Observe the pattern in the given series and select the term that logically completes it :

CBA, GFE, KJI, ONM, SRQ, ___

(A) IJK
(B) KMN
(C) BCA
(D) WVU

67. अक्षरों के समूह में पैटर्न की पहचान कीजिए और वह समूह ज्ञात कीजिए जो अनुक्रम में लुप्त है।

Identify the pattern in the group of letters and find the group that is missing in the sequence.

LHD, OJF, RLH, __, XPL, ARN

(A) UNJ
(B) UMJ
(C) UNK
(D) TNJ

68. बिंदु B से शुरू करके, जयंत पूर्व दिशा की ओर 500 मीटर चला। वह बाईं ओर मुड़ा और 550 मीटर चला। इसके बाद वह फिर बाईं ओर मुड़ा और 500 मीटर चला। इसके बाद वह अपने दाईं ओर मुड़ा और 150 मीटर चला। उसकी वर्तमान स्थिति और बिंदु B के बीच सबसे कम दूरी कितनी है और अब जयंत बिंदु B से किस दिशा में है ?

(A) 150 मीटर दक्षिण
(B) 650 मीटर उत्तर
(C) 850 मीटर दक्षिण
(D) 700 मीटर उत्तर

Starting from point B, Jayant walked 500 metres towards the East. He turned left and walked 550 metres. He then turned left again and walked 500 metres. After this he turned to his right and walked 150 metres. What is the shortest distance between his current position and point B and in which direction is Jayant now from point B ?

(A) 150 metres South
(B) 650 metres North
(C) 850 metres South
(D) 700 metres North

69. दी गई तालिका में वर्ष 2019 से 2024 तक सेलुलर फोनों की बिक्री के आँकड़े दिए गए हैं।

The given table provides the sales data of cellular phones from the years 2019 to 2024.


| सेलुलर फोनों की बिक्री / Sale of Cellular Phones | |
|---|---|
| वर्ष / Year | बेचे गए फोनों की संख्या / No. of Phones Sold |
| 2019 | 48000 |
| 2020 | 40000 |
| 2021 | 30000 |
| 2022 | 25000 |
| 2023 | 18000 |
| 2024 | 40000 |

आँकड़ों के आधार पर, 2020 से 2021 तक बिक्री में कितने प्रतिशत की कमी आई ?

Based on the data, what was the percentage decrease in sales from 2020 to 2021 ?

(A) 50%
(B) 25%
(C) 35%
(D) 75%

70. दिए गए आरेख में, त्रिभुज गेमर्स को, वृत्त कोडर्स को और आयत एथलीटों को दर्शाता है।
दिए गए आरेख के आधार पर, कौन-से अक्षर उन व्यक्तियों को दर्शाते हैं जो गेमर और एथलीट दोनों हैं, लेकिन कोडर ***नहीं*** हैं ?
In the given diagram, the Triangle represents Gamers, the Circle represents Coders and the Rectangle represents Athletes.
Based on the diagram provided, which letters represent individuals who are both Gamers and Athletes, but are ***not*** Coders ?




(A) U & G
(B) J & S
(C) S & T
(D) M & K

71. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'TRANSFORMATION' शब्द के अक्षरों से ***नहीं*** बनाया जा सकता, भले ही अक्षरों की पुनरावृत्ति की अनुमति हो ?
Which of the following words ***cannot*** be formed from the letters of the word 'TRANSFORMATION', even if repetition of letters is allowed ?
(A) FRACTION
(B) RATIO
(C) INFORM
(D) STATION

72. एक छात्र ने पाँच विषयों में निम्न अंक प्राप्त किए : अंग्रेज़ी : 72, गणित : 88, विज्ञान : 65, सामाजिक अध्ययन : 79, हिंदी : 81. कुल 500 अंकों में से छात्र ने कितने प्रतिशत अंक प्राप्त किए ?
A student scored the following marks in five subjects : English : 72, Mathematics : 88, Science : 65, Social Studies : 79, Hindi : 81. What percentage did the student score out of a total of 500 marks ?
(A) 79%
(B) 78%
(C) 76%
(D) 77%

73. यदि,
A ^ B का अर्थ है, A, B के पूर्व में स्थित है,
A & B का अर्थ है, A, B के उत्तर में स्थित है,
A % B का अर्थ है, A, B के पश्चिम में स्थित है,
A ! B का अर्थ है, A, B के दक्षिण में स्थित है,
तो निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजक सही ढंग से दर्शाता है कि A, D के उत्तर-पूर्व में स्थित है ?
If,
A ^ B means A is to the East of B,
A & B means A is to the North of B,
A % B means A is to the West of B,
A ! B means A is to the South of B,
then which of the following expressions correctly shows that A is to the North-East of D ?
(A) A & B & D
(B) D ! B ! A
(C) A & B % D
(D) A & B ^ D

74. दिए गए कथनों और निष्कर्षों के संबंध में सही विकल्प पहचानिए :

**कथन :**

I. कुछ कद्दू चुकंदर हैं।

II. सभी चुकंदर लहसुन हैं।

III. सभी लहसुन शलजम हैं।

**निष्कर्ष :**

I. कुछ कद्दू लहसुन हैं।

II. सभी लहसुन कद्दू हैं।

III. सभी चुकंदर शलजम हैं।

(A) सभी निष्कर्ष अनुसरण करते हैं।
(B) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(C) केवल निष्कर्ष I और III अनुसरण करते हैं।
(D) केवल निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं।

Identify the correct option regarding the Statements and Conclusions given :

**Statements :**

I. Some pumpkins are beetroots.

II. All beetroots are garlic.

III. All garlic are turnips.

**Conclusions :**

I. Some pumpkins are garlic.

II. All garlic are pumpkins.

III. All beetroots are turnips.

(A) All Conclusions follow.
(B) Only Conclusion I follows.
(C) Only Conclusions I and III follow.
(D) Only Conclusions I and II follow.

75. निम्नलिखित अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके एक सार्थक अंग्रेज़ी शब्द बनाइए जिसमें सभी अक्षर ठीक एक बार उपयोग किए गए हों। मूल क्रम से नए व्यवस्थित शब्द में अक्षरों की स्थिति को सही ढंग से दर्शाने वाले विकल्प का चयन कीजिए।
(नोट : उस शब्द का चयन करें जिसके अक्षरों की स्थिति दिए गए विकल्पों में से किसी एक से मेल खाती हो।)

Rearrange the following letters to form a meaningful English word using all the letters exactly once. Choose the option that correctly represents the positions of the letters from the original sequence in the newly arranged word.
(Note : Choose the word whose letter positions match one of the given options.)

| C | D | O | P | R | S | T | U |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |

(A) 67532184
(B) 23564178
(C) 67325841
(D) 45328176

76. उस शब्द की पहचान कीजिए जिसे "IDENTIFICATION" शब्द के अक्षरों का उपयोग करके ***नहीं*** बनाया जा सकता, बशर्ते किसी भी अक्षर को मूल शब्द में उसकी उपस्थिति से अधिक बार न दोहराया जाए।

Identify the word that ***cannot*** be formed using the letters of the word "IDENTIFICATION" without repeating any letter more times than it appears in the original word.

(A) ACTION
(B) FACTION
(C) DOUBT
(D) NATION

77. 6 कुर्सियों और 3 मेज़ों के एक समूह में कुल 54 टाँगें हैं। यदि प्रत्येक कुर्सी में 4 टाँगें हैं, तो एक मेज़ में कितनी टाँगें होंगी ?

A group of 6 chairs and 3 tables together has 54 legs. If each chair has 4 legs, how many legs does one table have ?

(A) 10
(B) 30
(C) 15
(D) 22

**78.** यदि तीन साझेदार 2 : 3 : 5 के अनुपात में निवेश करते हैं और उसी अनुपात में लाभ साझा करते हैं, तो सबसे कम निवेश करने वाले साझेदार को लाभ का कितना हिस्सा मिलेगा ?

If three partners invest in the ratio 2 : 3 : 5 and share the profit accordingly, then the partner who invests the least will get what fraction of the profit ?

(A) $\frac{3}{10}$  (B) $\frac{9}{10}$  (C) $\frac{1}{10}$  (D) $\frac{2}{10}$

**79.** कौन-सा विकल्प 225° दक्षिणावर्त घुमाव के बाद छवि का सही अभिविन्यास दर्शाता है ?

Which option shows the correct orientation of the image after a 225° clockwise rotation ?



(A)   (B)   (C)   (D) 

**80.** निम्नलिखित प्रतीक युग्मों के अनुक्रम का अध्ययन कीजिए :

@$, #&, @$, #&, @$, #&, _____, #&, @$, #&

यह अनुक्रम दो प्रतीक युग्मों के बीच सुसंगत एकांतर पैटर्न का अनुसरण करता है।

पैटर्न का ध्यानपूर्वक अवलोकन कीजिए और पहचानिए कि कैसे दो प्रतीक समूह एक निश्चित क्रम में दोहराए जाते हैं, फिर अनुक्रम को पूरा करने वाले सही प्रतीक संयोजन का निर्धारण कीजिए।

Study the following sequence of symbol pairs :

@$, #&, @$, #&, @$, #&, _____, #&, @$, #&

The sequence follows a consistent alternating pattern between two symbol pairs.

Carefully observe the pattern and identify how the two symbol groups repeat in a fixed order, then determine the correct symbol combination that completes the sequence.

(A) @$  (B) $#  (C) #@  (D) &#

**81.** पाँच दोस्त : E, F, G, H और I उत्तर की ओर मुँह करके एक पंक्ति में बैठे हैं। E दाएँ छोर पर और G के ठीक दाएँ बैठा है। I, H के ठीक बाएँ और F के ठीक दाएँ बैठा है। H दाएँ छोर से तीसरे स्थान पर बैठा है। बाएँ छोर से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है ?

Five friends : E, F, G, H and I are sitting in a row facing North. E is sitting at the right end and to the immediate right of G. I is sitting to the immediate left of H and to the immediate right of F. H is sitting at the third place from the right end. Who is sitting at the second place from the left end ?

(A) G  (B) H  (C) F  (D) I

**82.** एक पंक्ति में 55 लड़के उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठे हैं। सूरज बाईं ओर से 24वें स्थान पर और अभय की दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। पंक्ति में दाईं ओर से अभय की स्थिति क्या है ?

(A) 38वीं  (B) 32वीं

(C) 39वीं  (D) 36वीं

There are 55 boys sitting in a row and facing North. Suraj is sitting $24^{th}$ from the left end and he is $4^{th}$ to the right of Abhay. What is the position of Abhay from the right end in the row ?

(A) $38^{th}$  (B) $32^{nd}$

(C) $39^{th}$  (D) $36^{th}$

**83.** दिए गए व्यंजक 32 + 80 × 4 − 7 = 345 में, यदि '+' और '×' चिह्नों को आपस में बदल दिया जाए, तो व्यंजक का नया मान क्या होगा ?

In the given expression 32 + 80 × 4 − 7 = 345, if the symbols '+' and '×' are interchanged, then what will be the new value of the expression ?

(A) 2559 (B) 2557 (C) 2575 (D) 2755

**84.** एक छात्र अपनी कक्षा में ऊपर से 9वें और नीचे से 25वें स्थान पर है। कक्षा में छात्रों की कुल संख्या कितनी है ?

A student is ranked 9th from the top and 25th from the bottom in his class. What is the total number of students in the class ?

(A) 25 (B) 29 (C) 35 (D) 33

**85.** यदि किसी संख्या का आधा 60 के दो-तिहाई के बराबर है, तो वह संख्या ज्ञात कीजिए।

If half of a number is equal to two-thirds of 60, find the number.

(A) 20 (B) 80 (C) 40 (D) 120

**86.** दी गई आकृति के पैटर्न का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। आकृति का एक भाग गायब है। आकृतियों की व्यवस्था, छायांकन और अभिविन्यास का विश्लेषण कीजिए, फिर पैटर्न में प्रश्न चिह्न के स्थान पर सही विकल्प चुनिए।

Study the given figure pattern carefully. One part of the figure is missing. Analyze the arrangement, shading, and orientation of the shapes, then choose the correct option that will replace the question mark in the pattern.




(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

**87.** 399 मीटर लंबी एक ट्रेन एक खंभे को 57 सेकंड में पार करती है। ट्रेन की गति किमी/घंटा में ज्ञात कीजिए।


(A) 25·2 किमी/घंटा (B) 31·2 किमी/घंटा (C) 27·2 किमी/घंटा (D) 33·2 किमी/घंटा

A 399 m long train crosses a pillar in 57 seconds. Find the speed of the train in km/hr.

(A) 25·2 km/h (B) 31·2 km/h (C) 27·2 km/h (D) 33·2 km/h

**88.** 7 × 7 वर्गाकार ग्रिड में, कुल कितने वर्ग बनाए जा सकते हैं ?

In a 7 × 7 square grid, how many squares can be formed in total ?



(A) 140 (B) 180 (C) 120 (D) 160

89. जीवन और मनीष की वर्तमान आयु क्रमशः 58 वर्ष और 20 वर्ष है। 4 वर्ष पहले उनकी आयु का योग ज्ञात कीजिए।

(A) 73 वर्ष (B) 72 वर्ष (C) 70 वर्ष (D) 65 वर्ष

The present ages of Jeevan and Manish are 58 years and 20 years, respectively. Find the sum of their ages 4 years ago.

(A) 73 years (B) 72 years (C) 70 years (D) 65 years

90. निम्नलिखित में से कौन-सी अवधारणा महासागरों में ज्वार-भाटा की व्याख्या करती है ?

(A) ऊष्मा (B) चाँद का गुरुत्वाकर्षण

(C) पवन (D) दाब

Which of the following concepts explains tides in the oceans ?

(A) Heat (B) Gravitational attraction of Moon

(C) Wind (D) Pressure

91. दी गई श्रृंखला को पूरा करने के लिए निम्नलिखित विकल्पों में से लुप्त संख्या का चयन कीजिए :

Select the missing number from the following options to complete the given series :

42, 45·5, 49, ____, 56, 59·5, 63.

(A) 52·5 (B) 50·4

(C) 53 (D) 54

92. निम्नलिखित के लिए दिए गए विकल्पों में से सही दर्पण छवि चुनिए, यदि दर्पण को XY पर रखा गया है।

Choose the correct mirror image from the given options for the following, if the mirror is kept at XY.




(A) ⊏∩И (B) FUN

(C) ИUꟻ (D) ᖷUN

93. रवि ने अमन से कहा, "जो लड़की किताब पढ़ रही है, वह मेरे दो बेटों की इकलौती बहन है।" वह लड़की रवि से किस प्रकार संबंधित है ?

(A) माँ (B) बुआ (C) बहू (D) बेटी

Ravi said to Aman, "The girl who is reading a book is the only sister of my two sons." How is the girl related to Ravi ?

(A) Mother (B) Paternal Aunt (C) Daughter-in-law (D) Daughter

94. अनु और सिरी मिलकर एक काम को 20 दिनों में पूरा कर सकती हैं। अनु अकेले उस काम को 40 दिनों में पूरा कर सकती है। सिरी अकेले उस काम को कितने दिनों में पूरा कर सकती है ?

(A) 10 दिन (B) 30 दिन

(C) 40 दिन (D) 20 दिन

Anu and Siri together can complete a piece of work in 20 days. Anu alone can complete it in 40 days. In how many days can Siri alone complete the work ?

(A) 10 days (B) 30 days

(C) 40 days (D) 20 days

**[प्र. सं. 95 से 97 गद्यांश प्रश्न] निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर इस गद्यांश के आधार पर ही दीजिए।**

भारत ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। अंतरिक्ष विज्ञान में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने विश्व में अपनी एक विशेष पहचान बनाई है। मंगलयान मिशन की सफलता ने भारत को मंगल ग्रह पर पहुँचने वाला चौथा देश बनाया। चंद्रयान-3 की सफलता ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाले पहले देश का गौरव दिलाया। परमाणु ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी और जैव-प्रौद्योगिकी में भी भारत ने महत्त्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं। भारतीय वैज्ञानिकों ने कोविड-19 महामारी के दौरान स्वदेशी टीकों का निर्माण करके विश्व को चकित किया। डिजिटल इंडिया अभियान ने देश में तकनीकी क्रांति लाई है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना आज की महत्ती आवश्यकता है।

**95.** गद्यांश के अनुसार चंद्रयान-3 की मुख्य उपलब्धि क्या थी ?
(A) अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुँचना
(B) चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश बनना
(C) बृहस्पति ग्रह की परिक्रमा करना
(D) मंगल ग्रह पर उतरना

**96.** गद्यांश के अनुसार मंगलयान मिशन ने भारत को किस स्थान पर पहुँचाया ?
(A) मंगल पर पहुँचने वाला दूसरा देश
(B) मंगल पर पहुँचने वाला पहला देश
(C) मंगल पर पहुँचने वाला चौथा देश
(D) मंगल पर पहुँचने वाला तीसरा देश

**97.** गद्यांश के अनुसार भारतीय वैज्ञानिकों ने कोविड-19 के दौरान क्या उपलब्धि हासिल की ?
(A) कोविड का पूर्ण उपचार खोजा
(B) विदेशी टीकों का आयात किया
(C) स्वदेशी टीकों का निर्माण किया
(D) केवल महामारी पर शोध किया

**98.** 'आगे नाथ न पीछे पगहा' का सही अर्थ है :
(A) इधर-उधर भागना
(B) बंधन-रहित होना
(C) अनुशासन में रहना
(D) अपने मन की कहना

**99.** भूमि के अन्दर की जानकारी रखने वाले को कहा जाता है :
(A) नृतत्त्वशास्त्री
(B) पुरातत्त्ववेत्ता
(C) भूकम्पवेत्ता
(D) भूगर्भवेत्ता

**100.** 'पत्तों से बनी हुई कुटिया' के लिए एक शब्द है :
(A) पठनीय
(B) पर्णकुटी
(C) आँगन
(D) सर्वप्रिय

**101.** "दो दुष्टों में नाम के अतिरिक्त अन्य कोई अंतर न होना" के लिए सही लोकोक्ति है :
(A) जूठे का मुँह काला सच्चे का बोलबाला
(B) एक तो करेला दूसरा नीम चढ़ा
(C) आधा तीतर आधा बटेर
(D) जैसे नागनाथ वैसे साँपनाथ

**102.** विलोम की दृष्टि से कौन-सा युग्म सुमेलित ***नहीं*** है ?
(A) सम्मुख - उन्मुख
(B) वक्र - सरल
(C) विरह - मिलन
(D) सार्थक - निरर्थक

**103.** 'अठन्नी' में कौन-सा समास है ?
(A) तत्पुरुष समास
(B) अव्ययीभाव समास
(C) कर्मधारय समास
(D) द्विगु समास

**104.** निम्नलिखित में से "चाँद का मुँह टेढ़ा है" किसके द्वारा लिखी गई है ?
(A) भवानी प्रसाद मिश्र
(B) भारतेंदु हरिश्चंद्र
(C) गिरिजा कुमार माथुर
(D) गजानन माधव 'मुक्तिबोध'

**105.** 'सहज पके सो मीठा होय', इस मुहावरे का अर्थ है :
(A) जो डींगे मारते हैं, वो काम नहीं कर सकते
(B) धीरे-धीरे किया गया काम अच्छा होता है
(C) दुविधा में होना
(D) अपनी योग्यता से बढ़कर बात करना

106. घुड़दौड़ का सही संधि-विच्छेद क्या है ?
(A) घोड़ा + दौड़ (B) घुड़ा + दौड़ (C) घोड़ + दौड़ (D) घुड़ + दौड़

107. निम्नलिखित में से सही लोकोक्ति का चयन कीजिए :
(A) जंगल में मोर नाचा किसने देखा
(B) मोर नाचा जंगल में देखा किसने
(C) मोर नाचा जंगल में किसने देखा
(D) किसने देखा जंगल में नाचा मोर

108. निम्नलिखित में से "पंचवटी" के रचयिता/रचयित्री कौन हैं ?
(A) हरिवंश राय बच्चन (B) महादेवी वर्मा (C) धर्मवीर भारती (D) मैथिलीशरण गुप्त

109. 'मुकेश ज़ोर से चिल्लाया।' इस वाक्य में अव्यय शब्द कौन-सा है ?
(A) चिल्लाया (B) चिल्लाना (C) ज़ोर से (D) मुकेश

110. निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द का अर्थ 'स्त्री' है ?
(A) अंगना (B) आंग (C) अंगर (D) तिलिया

111. निम्नलिखित में से "पचपन खम्भे लाल दीवारें" किसके द्वारा लिखी गई है ?
(A) कृष्णा सोबती (B) ममता कालिया (C) उषा प्रियंवदा (D) मन्नू भंडारी

112. 'जिसके मन में कपट न हो' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन कीजिए।
(A) कपटी (B) आस्तिक (C) सदाचारी (D) निष्कपट

113. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द अरबी फ़ारसी उपसर्ग युक्त *नहीं* है ?
(A) बेधड़क (B) समवाय (C) बेआबरू (D) हमनवा

114. आदरसूचक शब्दों के बाद किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है ?
(A) तुल्यताबोधक चिह्न (B) पुनरुक्ति लाघव (C) अल्पविराम (D) प्रश्नवाचक

115. निम्नलिखित में से अनिश्चयवाचक सर्वनाम कौन-सा है ?
(A) आप (B) मैं (C) तुम (D) कुछ

116. 'उदासी' शब्द का विशेषण रूप है :
(A) उदास (B) मोहित (C) रोगी (D) संयमी

117. निम्नलिखित में से 1968 में ज्ञानपीठ पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया ?
(A) निर्मल वर्मा
(B) सुमित्रानंदन पंत
(C) श्रीलाल शुक्ल
(D) अमिताव घोष

118. 'राम रोटी नहीं खाता है।' इस वाक्य का कर्मवाच्य रूप है :
(A) राम से रोटी नहीं खाई जाती है।
(B) राम से रोटी खाई।
(C) राम रोटी खाए जाते हैं।
(D) राम द्वारा रोटी खाएगा।

119. 'रोहन तबला बजा रहा है।' इस वाक्य में क्रिया बताइए :
(A) एककर्मक पूर्ण सकर्मक क्रिया
(B) अपूर्ण अकर्मक क्रिया
(C) द्विकर्मक पूर्ण सकर्मक क्रिया
(D) पूर्ण अकर्मक क्रिया

120. लीलाधर जगूड़ी द्वारा रचित 'अनुभव के आकाश में चाँद' रचना को वर्ष 1997 में कौन-सा पुरस्कार मिला ?
(A) व्यास सम्मान (B) साहित्य अकादमी (C) ज्ञानपीठ (D) नोबेल

121. 'अध्यापक' शब्द का लिंग बदलिए :
(A) अध्यापकी (B) अध्ययन (C) अधीक्षक (D) अध्यापिका

122. 'मैं उनसे भली-भाँति परिचित हूँ।' इस वाक्य में अव्यय शब्द कौन-सा है ?

(A) भली-भाँति (B) उनसे (C) मैं (D) परिचित

123. 'केश' शब्द का पर्यायवाची है :

(A) कुंतल (B) कुंतली (C) कुंकुम (D) कुंठ

124. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग ***नहीं*** है ?

(A) बुलबुल (B) सवारी (C) सन्तान (D) पानी

125. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द कर्मधारय समास का उदाहरण है ?

(A) गृहप्रवेश (B) नीलकमल (C) राजकुमार (D) कलाश्रेष्ठ

126. गंगा हिमालय से निकलती है। रेखांकित शब्द का कारक बताइए :

(A) सम्बोधन (B) कर्म (C) अपादान (D) करण

127. निम्नलिखित में से 2009 में किसे पद्म भूषण से सम्मानित किया गया ?

(A) श्रीलाल शुक्ल (B) कुँवर नारायण (C) निर्मल वर्मा (D) राजेंद्र शाह

128. "जो ज्ञान अथवा विद्या में पारंगत हो" इस वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द बताइए :

(A) साधारण (B) विद्वान (C) कम पढ़ा (D) नवोदित

129. राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' को 'उर्वशी' के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार किस वर्ष प्रदान किया गया ?

(A) 1971 ई. में (B) 1974 ई. में (C) 1973 ई. में (D) 1972 ई. में

130. सुहावना, लिखाई व छलिया में निहित प्रत्यय के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) वना, ई, इयां (B) अव, यी, या (C) आवना, आई, इया (D) वना, ई, य

131. 'आसमान से बातें करना' का निम्नलिखित में से क्या तात्पर्य है ?

(A) बहुत परिश्रम करना (B) पागल हो जाना (C) तेज दौड़ना (D) बहुत ऊँचा

132. ₹ 15,000 की राशि 6% वार्षिक ब्याज पर निवेश की जाती है और कुछ वर्षों में कुल राशि ₹ 16,854 हो जाती है। अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए।

A sum of ₹ 15,000 is invested at 6% per annum and in a certain number of years, the total amount becomes ₹ 16,854. Find the compound interest earned.

(A) ₹ 1,854 (B) ₹ 1,845 (C) ₹ 1,485 (D) ₹ 1,584

133. दूध और पानी के एक मिश्रण में, दूध और पानी का अनुपात 7 : 3 है। यदि मिश्रण की कुल मात्रा 120 लीटर है, तो मिश्रण में कितने लीटर पानी मिलाया जाना चाहिए ताकि दूध और पानी का अनुपात 3 : 2 हो जाए ?

(A) 25 लीटर (B) 12 लीटर (C) 20 लीटर (D) 16 लीटर

In a mixture of milk and water, the ratio of milk to water is 7 : 3. If the total mixture is 120 litres, how many litres of water must be added to the mixture so that the ratio of milk to water becomes 3 : 2 ?

(A) 25 litres (B) 12 litres (C) 20 litres (D) 16 litres

134. 120 का $\left(\frac{3}{20}\right)$ का मान क्या है ?

What is the value of $\left(\frac{3}{20}\right)$ of 120 ?

(A) 14 (B) 18 (C) 36 (D) 20

135. दो संख्याओं का HCF 2 है और उनका LCM 42728 है। यदि एक संख्या 218 है, तो दूसरी संख्या क्या है ?

The HCF of two numbers is 2 and their LCM is 42728. If one number is 218, what is the other number ?

(A) 284 (B) 392 (C) 256 (D) 438

136. सबसे बड़ी संख्या जो 1005, 1245 और 1485 को भाग देने पर समान शेषफल देती है, वह है :

The greatest number that divides 1005, 1245 and 1485 leaving the same remainder is :

(A) 180 (B) 240 (C) 175 (D) 255

137. दो उम्मीदवार P और Q एक चुनाव में क्रमशः 42% और 58% वोट प्राप्त करते हैं। यदि वोटों की कुल संख्या 4500 थी, तो Q को P से कितने अधिक वोट मिले ?

Two candidates P and Q received 42% and 58% of the votes respectively in an election. If the total number of votes was 4500, how many more votes than P did Q receive ?

(A) 540 (B) 720 (C) 460 (D) 880

138. A, B, C, D, E और F छह क्रमागत सम संख्याएँ हैं। यदि A और F का योग 1586 है, तो सभी संख्याओं का योग क्या है ?

A, B, C, D, E and F are six consecutive even numbers. If the sum of A and F is 1586, then what is the sum of all the numbers ?

(A) 3968 (B) 3586 (C) 4758 (D) 4180

139. एक वस्तु को ₹ 18,560 में खरीदा जाता है और 2·5% की हानि पर बेचा जाता है। विक्रय मूल्य क्या है ?

An article was bought for ₹ 18,560 and sold at a loss of 2·5% . What is the selling price ?

(A) ₹ 18,096
(B) ₹ 18,650
(C) ₹ 15,900
(D) ₹ 15,675

140. 8 सेमी और 17 सेमी त्रिज्या के दो वृत्त एक-दूसरे से बाह्य रूप से स्पर्श करते हैं। उनके केंद्रों के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए।

(A) 12 सेमी
(B) 21 सेमी
(C) 25 सेमी
(D) 17 सेमी

Two circles of radii 8 cm and 17 cm are externally tangent to each other. Find the distance between their centres.

(A) 12 cm
(B) 21 cm
(C) 25 cm
(D) 17 cm

141. साधारण ब्याज ज्ञात कीजिए जब मूल राशि ₹ 12,800 है, ब्याज दर 7% प्रति वर्ष है और समय अवधि 3 वर्ष है।

Find the simple interest when the principal amount is ₹ 12,800, the rate of interest is 7% per annum and the time period is 3 years.

(A) ₹ 2,898 (B) ₹ 2,709 (C) ₹ 2,900 (D) ₹ 2,688

142. व्यंजक को सरल कीजिए :

Simplify the expression :

$450 \div 3 + 625 \div 5 - 44 + 25 = ?$

(A) 163 (B) 256 (C) 126 (D) 324

143. एक त्रिभुज का आधार 13·9 सेमी और ऊँचाई 11·3 सेमी है। त्रिभुज का क्षेत्रफल क्या है ?

(A) 72·63 वर्ग सेमी (B) 77·73 वर्ग सेमी (C) 75·43 वर्ग सेमी (D) 78·53 वर्ग सेमी

A triangle has a base of 13·9 cm and a height of 11·3 cm. What is the area of the triangle ?

(A) 72·63 $cm^2$ (B) 77·73 $cm^2$ (C) 75·43 $cm^2$ (D) 78·53 $cm^2$

144. वह सबसे छोटी संख्या कौन-सी है, जिसे 7, 9 और 11 से विभाजित करने पर प्रत्येक स्थिति में 4 शेषफल बचता है ?

What is the smallest number which when divided by 7, 9 and 11 leaves a remainder of 4 in each case ?

(A) 671 (B) 673 (C) 683 (D) 697

145. यदि a से b का अनुपात 3 : 2 है और b से c का अनुपात 8 : 7 है, तो a : b : c का संयुक्त अनुपात क्या है ?

If the ratio of a to b is 3 : 2 and the ratio of b to c is 8 : 7, what is the combined ratio of a : b : c ?

(A) 12 : 8 : 7 (B) 3 : 16 : 7 (C) 3 : 2 : 7 (D) 3 : 8 : 7

Test Prime By Adda247

# Previous Year Papers PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!

PDF

Free 25,000+ PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly

ATTEMPT AS MOCK

Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.

Previous Year Papers PDF

Search

Banking | JAIIB & CAIIB | SSC | Railways

April 2026

11th Apr (Shift: 1)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques 60 Mins
DOWNLOAD ATTEMPT NOW

11th Apr (Shift: 1)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques 60 Mins
DOWNLOAD ATTEMPT NOW

11th Apr (Shift: 2)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques 60 Mins
DOWNLOAD ATTEMPT NOW

11th Apr (Shift: 2)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques 60 Mins
DOWNLOAD ATTEMPT NOW

February 2026

22nd Feb (Shift: 1)
ENGLISH
BOB Office Assistant MBT (...

Topic-wise & Exam-wise PDFs
Download & Study Offline
Attempt as Mock & Track Score
Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

DOWNLOAD THE APP

146. बारह संख्याओं का औसत 62 है। अंतिम पाँच संख्याओं का औसत 60 है और पहली चार संख्याओं का औसत 64 है। छठी संख्या, पाँचवीं संख्या से 8 कम है और सातवीं संख्या से 7 कम है। छठी और सातवीं संख्याओं का औसत क्या है ?
The average of twelve numbers is 62. The average of the last five numbers is 60 and that of the first four numbers is 64. The sixth number is 8 less than the fifth number and 7 less than the seventh number. What is the average of the sixth and seventh numbers ?
(A) 57·17
(B) 67·17
(C) 61·17
(D) 63·17

147. U, V और W एक व्यवसाय में क्रमशः ₹ 18,000, ₹ 24,000 और ₹ 30,000 का निवेश करते हैं। यदि वर्ष के अंत में लाभ ₹ 14,400 है, तो लाभ में V का हिस्सा W से कितना कम है ?
U, V and W invest ₹ 18,000, ₹ 24,000 and ₹ 30,000 respectively in a business. If the profit at the end of the year is ₹ 14,400, how much less is V's share of the profit than that of W ?
(A) ₹ 7,800
(B) ₹ 4,000
(C) ₹ 1,200
(D) ₹ 8,000

148. एक दुकानदार लगभग 5% की छूट देता है और फिर भी लगभग 12% का लाभ कमाता है। यदि वह कोई छूट न दे, तो उसे लगभग कितने प्रतिशत लाभ होगा ?
A shopkeeper gives a discount of about 5% and still earns a profit of around 12% . If he does not give any discount, approximately what percentage profit will he earn ?
(A) 18%
(B) 29%
(C) 14%
(D) 21%

149. x का मान ज्ञात कीजिए।
Find the value of x.
$0{\cdot}2x + 0{\cdot}04 = 0{\cdot}5x - 0{\cdot}11$
(A) 0·7
(B) 0·5
(C) 0·11
(D) 0·08

150. एक रेलगाड़ी, एक कार से 50% तेज़ चल सकती है। दोनों एक ही समय पर बिंदु A से चलना शुरू करती हैं और बिंदु B पर एक ही समय पर पहुँचती हैं, जो बिंदु A से 80 किमी दूर है। हालांकि, रास्ते में, स्टेशनों पर रुकते हुए रेलगाड़ी को लगभग 25 मिनट का समय लग गया। कार की चाल है :
(A) 64 किमी/घंटा
(B) 67 किमी/घंटा
(C) 55 किमी/घंटा
(D) 52 किमी/घंटा

A train can travel 50% faster than a car. Both start from point A at the same time and reach point B, 80 km away from point A, at the same time. On the way, however, the train lost about 25 minutes while stopping at the stations. The speed of the car is :
(A) 64 km/h
(B) 67 km/h
(C) 55 km/h
(D) 52 km/h